साइबर सुरक्षा अभियान के तहत इंदौर पुलिस एवं क्विक हील फाउंडेशन की टीम ने सर्कस में पहुंच, लोगों को दिखाएं साइबर अपराधों से बचने के करतब तरीके

इंदौर। वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड एवं अपराधों से सुरक्षा एवं इनसे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूकता लाने हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर हरिनारायणचारी मिश्र के निर्देशन में इंदौर पुलिस एवं क्विक हील फ़ाउंडेशन, पुणे के संयुक्त तत्वाधान में 'साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा'' अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत दस दिनो तक इंदौर शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, स्कूल/कॉलेज आदि विभिन्न स्थानों पर सुबह और शाम को, क्विक हील फ़ाउंडेशन, की ओर से मुंबई से आई ड्रामा टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को साइबर अपराधों से बचने के तरीको को समझाते हुए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा हैं। उक्त अभियान के तहत से क्विक हील फाउंडेशन, इंदौर पुलिस तथा स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना की टीम द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिदिन सुबह एवं शाम को शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, स्कूल/कॉलेज आदि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में इंदौर पुलिस की निरीक्षक राधा जामोद, उप निरीक्षक शिवम ठक्कर, सउनि गयेंद्र यादव तथा क्विक हील फ़ाउंडेशन, की ओर से मुंबई से आई ड्रामा टीम कल सुबह शहर के प्रमुख पार्क मेघदूत गार्डन पहुंची, जहां पर अपनी सेहत के प्रति जागरूक लोग जो एरोबिक्स और झुंबा क्लब में आते हैं, टीम ने उन्हें अपनी सेहत के साथ अपनी साइबर सुरक्षा के संबंध में भी नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जरूरी जानकारी दी। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए यह टीम शाम को शहर के लालबाग में आयोजित उत्सव मेले के सर्कस में पहुंची। पुलिस की इस टीम को सर्कस में देख लोगों में और उत्सुकता जागी। टीम ने लोगों को बड़े ही मनोरंजक तरीके से नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से साइबर अपराधों से बचाव हेतु किन बातों का ध्यान रखना है और क्या- क्या सावधानियां रखनी चाहिए, यह जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया गया। साइबर सुरक्षा के इस अभियान को जनता का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। आमजन द्वारा इसमें भाग लेकर पुलिस और क्विक हील फाउंडेशन द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है उसकी सराहना की जा रही है। साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा'' अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का इंदौर पुलिस एवं क्विक हील फ़ाउंडेशन का यह प्रयास तक निरंतर जारी रहेगा। आम नागरिको से अनुरोध है कि, वह अपने क्षेत्रों में होने वाले इन नुक्कड नाटकों की प्रस्तुति की दर्शक दीर्घा में जरूर सम्मिलित हों और स्वयं एवं अपने परिजनों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें।